

## पिछले 24 घंटों में जिले में 22.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा ।** पिछले चौबीस घंटों में जिले में 22.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में खण्डवा तहसील में 22 मिली मीटर, नया हरसूद तहसील में 40 मिली मीटर, पंधाना तहसील में 26 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 12 मिमी तथा खालवा तहसील में 13 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 30 जून तक 166.4 मि.मी. औसत वर्षा हुई थी, जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 112 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खण्डवा तहसील में 101 मिली मीटर, नया हरसूद तहसील में 88 मिली मीटर, पंधाना तहसील में 142 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 124 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 105 मिली मीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

## जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : मंत्री डॉ. विजय शाह

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी व पंचायत प्रतिनिधि हुए सम्मानित

**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर 19 मार्च से शुरू हुए जल गंगा संवर्धन अभियान का मंगलवार को खण्डवा के किशोर कुमार सभागृह में भव्य समापन हुआ। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने जल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और पंचायत पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया।

**जल संरक्षण में खण्डवा फिर रचेगा कीर्तिमान-** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ विजय शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश भर में जल संरक्षण की लाखों संरचनाओं का निर्माण हुआ है, जिससे भूजल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने खण्डवा जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी खण्डवा जल संरक्षण के मामले में देश भर में प्रथम स्थान पर रहेगा।



**जनप्रतिनिधियों ने दिया पर्यावरण सहेजने का संदेश-** समारोह में उपस्थित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने जल और पर्यावरण संरक्षण को लेकर नागरिकों से सामूहिक अपील की। विधायक कंचन मुकेश तन्वे ने कहा कि पानी की हर एक बूंद कीमती है। उन्होंने सभी नागरिकों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर हर साल कम से कम एक पेड़ लगाने और उसे सहेजने का आग्रह किया। मांधाता विधायक नारायण पटेल ने जल ही जीवन है के मंत्र को याद दिलाते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए हमें आज से ही पानी बचाना होगा। वहीं, पंधाना विधायक छाया मोरे ने जोर देते हुए कहा कि जल और पर्यावरण संरक्षण सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की अपील की। इसके साथ ही खण्डवा की महापौर अमृता अमर यादव ने प्रकृति से मिले मुफ्त पानी का मोल समझने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि खण्डवा नगर निगम ने जल संरक्षण में देश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है और शहर में नई संरचनाओं के निर्माण के साथ पुरानी संरचनाओं का जीर्णोद्धार भी किया गया है।

**जनभागीदारी से बनीं सवा चार लाख जल संरचनाएं-** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जानकारी दी कि रोजगार गारंटी योजना में सीमित बजट के बावजूद पंचायत प्रतिनिधियों और जनभागीदारी के दम पर जिले में लगभग सवा चार लाख जल ग्रहण संरचनाएं- तैयार की गई हैं। उन्होंने नगर निगम को राष्ट्रीय स्तर पर दूसरी रैंक मिलने पर बधाई दी और जिले के पुन: प्रथम आने की उम्मीद जताई। जिला पंचायत के सीईओ डॉ नागार्जुन बी गौड़ा ने अभियान की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 25 अमृत सरोवरों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। ग्रामीण विकास सहित अन्य सभी विभागों ने शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत हासिल कर लिया है। इस अवसर पर खण्डवा जिले में जल संरक्षण व नदी पुनर्जीवन पर आधारित एक विशेष वीडियो फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। समारोह में जनपद पंचायत पंधाना अध्यक्ष सुमित्रा कॉले, जनपद पंचायत छैगांवमाखन अध्यक्ष महेंद्र सावनेर सहित कई गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन संदीप जोशी ने किया।

## साइबर ठगी से बचाने पुलिस की जागरूकता रैली

### एसपी अगम जैन ने दिखाई हरी झंडी



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से खंडवा पुलिस ने सेफ क्लिक 2.0 अभियान के सातवें दिन मंगलवार को साइबर जागरूकता रथ और पुलिस रैली निकाली।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख बाजारों और सार्वजनिक स्थानों से होकर निकली, जहां नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी शेयर करने और डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपाय बताए गए। पुलिस ने लोगों से अपील की कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में समय गंवाए बिना गोल्डन ऑवर्स के भीतर 1930 साइबर हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। अभियान के दौरान साइबर जागरूकता रथ के माध्यम से सुरक्षा संबंधी संदेश प्रसारित किए गए और लोगों को डिजिटल लेन-देन में सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव बारंगे, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल सिंह चौहान, उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय, उप पुलिस अधीक्षक अजाक महेश दुबे, कोतवाली, मोघट रोड, पदमनगर, यातायात, महिला थाना, अजाक थाना के थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।

## धर्मशाला बचाने राठौर समाज ने सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** ओंकारेश्वर स्थित अखिल भारतीय राठौर (तेली) समाज धर्मशाला को जर्जर बताकर जारी ध्वस्तीकरण नोटिस के विरोध में राठौर समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। समाज ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने और भवन का तकनीकी परीक्षण कराने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि नगर परिषद ओंकारेश्वर ने 25 और 29 जून को धर्मशाला को ध्वस्त करने के आदेश जारी किए। आरोप है कि 29 जून को बिना पूर्ण तकनीकी जांच और पूर्व सूचना के धर्मशाला के 3-4 कमरे तोड़ दिए गए। समाज का दावा है कि बारिश में हुआ नुकसान भवन की कमजोरी से नहीं, बल्कि पीछे स्थित दुकानदारों द्वारा की गई कथित अवैध खुदाई के कारण हुआ। राठौर समाज ने बताया कि धर्मशाला का निर्माण वर्ष 2006-07 और 2010-11 में समाज के सहयोग एवं सरकारी सहायता से लगभग 70 लाख रुपये की लागत से कराया गया था और भवन अभी भी मजबूत स्थिति में है।

**ज्ञापन में तीन प्रमुख मांगें रखी गईं-** ध्वस्तीकरण पर तत्काल रोक, भवन का स्वतंत्र तकनीकी निरीक्षण और हुए नुकसान की भरपाई संबंधित जिम्मेदार पक्षों से कराई जाए। प्रतिनिधिमंडल में ट्रस्टी गोविंद प्रसाद राठौर सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल रहे। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है। समाज ने चेतावनी दी है कि मांगें नहीं मानी गईं तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## निमाड़ संभाग का मुख्यालय खंडवा बनाने की मांग, कांग्रेस ने पुनर्गठन आयोग को भेजा सुझाव

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** मध्य प्रदेश में प्रस्तावित निमाड़ संभाग के गठन को लेकर राजनीति तेज हो गई है। शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी खंडवा की अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन एवं प्रशासनिक सुधार आयोग को सुझाव-पत्र भेजकर निमाड़ संभाग का मुख्यालय खंडवा बनाए जाने की मांग की है। सुझाव-पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक सुगमता और विकेंद्रीकरण के उद्देश्य से नए संभाग के गठन की पहल स्वागतयोग्य है। ऐसे में मुख्यालय का चयन जनहित, भौगोलिक स्थिति, संसाधनों और प्रशासनिक दक्षता के आधार पर किया जाना चाहिए।कांग्रेस ने अपने प्रस्ताव में तर्क दिया है कि खंडवा देश के प्रमुख रेल मार्गों और राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ा महत्वपूर्ण केंद्र है। इटारसी-भुसावल रेलखंड पर स्थित होने के साथ-साथ तीसरी और चौथी रेल लाइन परियोजना भी यहां प्रगति पर है।

इससे बुरहानपुर, खरगोन और बड़वानी जैसे जिलों से खंडवा तक पहुंचना अपेक्षाकृत आसान और किफायती होगा। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में बुरहानपुर के लोगों को संभागीय कार्यों के लिए करीब 180 किलोमीटर दूर इंदौर जाना पड़ता है। यदि मुख्यालय खंडवा बनाया जाता है तो यह दूरी काफी कम हो जाएगी, जिससे समय, धन और श्रम की बचत होगी तथा आम नागरिकों को राहत मिलेगी।कांग्रेस ने यह भी कहा कि खंडवा में पहले से जिला स्तरीय प्रशासनिक ढांचा, एयरस्ट्रिप, सरकारी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल सहित अन्य आवश्यक संस्थागत सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसलिए नए मुख्यालय के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचा विकसित करने में सरकार पर कम वित्तीय बोझ पड़ेगा।



सुझाव-पत्र में खंडवा को जल, ऊर्जा और औद्योगिक दृष्टि से भी उपयुक्त बताया गया है। इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर जलविद्युत परियोजनाएं, सौर ऊर्जा केंद्र, विकसित हो रहा औद्योगिक क्षेत्र तथा ओंकारेश्वर और दादाजी धाम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों की निकटता को भी प्रमुख आधार बनाया गया है। इतिहास का हवाला देते हुए कांग्रेस ने कहा कि मध्य प्रदेश के गठन के समय खंडवा ही मूल निमाड़ का प्रशासनिक केंद्र था।

इसलिए नए निमाड़ संभाग का मुख्यालय बनाए जाने का पहला अधिकार भी खंडवा का होना चाहिए। प्रतिभा रघुवंशी ने आयोग से जनहित, प्रशासनिक सुविधा और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए खंडवा को प्रस्तावित निमाड़ संभाग का मुख्यालय घोषित करने की मांग की है।

## कलाली में चोरी नाकाम, पिस्टल सहित आरोपी गिरफ्तार




**नवभारत न्यूज़**

**मूंदी।** खंडवा जिले के मूंदी थाना क्षेत्र में देर रात शराब दुकान (कलाली) में चोरी की कोशिश को कर्मचारियों की सतर्कता और पुलिस की कार्रवाई ने नाकाम कर दिया। तीन बदमाश दुकान की टीन काटकर अंदर घुसने की फिराक में थे, लेकिन एक आरोपी मौके पर ही दबोच लिया गया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर बाइक से फरार हो गए। मूंदी पुलिस के अनुसार, फरियादी अभिषेक ठाकुर (25) निवासी मूंदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात करीब 1.15 बजे दुकान के बाहर संदिग्ध लोगों की धीमी आवाजें सुनाई दीं। संदेह होने पर दुकान में काम करने वाले नवीन जांगरे, अजय शर्मा और विनय शर्मा पीछे के दरवाजे से बाहर निकले। उन्होंने देखा कि तीन युवक दुकान की टीन काटकर चोरी का प्रयास कर रहे हैं। कर्मचारियों ने हिम्मत दिखाते हुए घेराबंदी की और संदीप पिता गोपाल सिंह भीलाला (22) निवासी जुलवानिया, थाना धनगांव को पकड़ लिया। उसके दो साथी बाइक से फरार हो गए। तलाशी में आरोपी के पास से देशी पिस्टल, टीन काटने वाली कटर और आरी का पत्ता बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4), 62 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25(1)(ड्ड) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय पुनासा में पेश किया गया।इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक उमेश कुमार लाखरे, सहायक उपनिरीक्षक पूनमचंद पाटिल, प्रधान आरक्षक मोहनसिंह मुवेल, आरक्षक राहुल धाकड़ और संतोष चौहान की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अब फरार दो आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## 15 साल पुरानी मंडी शुल्क की मांग पूरी, मुख्यमंत्री का जताया आभार

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** रवीन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस कार्यक्रम के दौरान एमपी कॉटन जिनर्स एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन ने कपास पर मंडी शुल्क 1 प्रतिशत से घटाकर 0.50 प्रतिशत किए जाने पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का सम्मान कर आभार व्यक्त किया। संस्था की ओर से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, एमएसएमई मंत्री चेतन कश्यप तथा पूर्व मंत्री एवं बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस का पुष्पहार, सम्मान



पत्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू जैन (सीएच ग्रुप) ने कहा कि कपास पर मंडी शुल्क कम करने की मांग पिछले करीब 15 वर्षों से लंबित थी, जिसका समाधान उनके कार्यकाल में संभव हुआ। उन्होंने इसे कपास व्यापार एवं जिनिंग उद्योग के लिए बड़ी राहत बताते हुए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर संस्था के सचिव राजू पाटीदार, उपाध्यक्ष विनोद बापना, कुलदीप अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि मंडी शुल्क में कमी से प्रदेश के कपास व्यापारियों और उद्योगों को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा तथा व्यापार को नई गति मिलेगी।

## नवागत डीईओ बलवंत पटेल का राज्य कर्मचारी संघ ने किया स्वागत



**खंडवा।** जिले के नवागत जिला शिक्षा अधिकारी बलवंत पटेल से मंगलवार को राज्य कर्मचारी संघ, ब्लॉक-खंडवा की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान संघ की ओर से पुष्पहार पहनाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष विजय तिरोले, ब्लॉक सचिव मोहन सिंह तंवर, राजेश चौकसे, हेमदत्त डोंगरे, ब्रजपाल सिंह तंवर, ओमप्रकाश शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## दिव्यांग आवेदक की समस्या पर सीएमओ ने दिखाई संवेदनशीलता

**नवभारत न्यूज़**

**पुनासा।** नगर परिषद पुनासा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजकुमार ठाकुर ने मानवता का परिचय देते हुए एक दिव्यांग आवेदक की समस्या को प्राथमिकता से सुना। मंगलवार को जैसे ही दिव्यांग आवेदक कार्यालय पहुंचा, सीएमओ राजकुमार ठाकुर स्वयं कार्यालय से बाहर आए और उससे आवेदन प्राप्त कर उसकी समस्या की जानकारी ली। समस्या सुनने के बाद उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अधिकारियों की तत्परता से आवेदक की समस्या का शीघ्र निराकरण किया गया।



सीएमओ के इस व्यवहार की उपस्थित लोगों और स्थानीय नागरिकों ने सराहना की तथा इसे आमजन के प्रति प्रशासन की सकारात्मक और संवेदनशील कार्यशैली बताया।

**शिकायत** — बुवाई से वंचित लाडनपुर के किसानों ने लगाई कलेक्टर से गुहार

## रेलवे ने किया जमीन का अधिग्रहण, न मुआवजा मिला न खेत जाने का रास्ता

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** दक्षिण रेलवे द्वारा किए जा रहे गेज परिवर्तन कार्य के चलते खंडवा जिले के ग्राम लाडनपुर के किसान भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। रेलवे विभाग द्वारा भूमि अधिग्रहण के बाद न तो किसानों को अब तक मुआवजे की राशि दी गई है और न ही उनके खेतों तक पहुंचने का रास्ता छोड़ा गया है। इस दोहरी मार से परेशान लगभग 10 किसानों ने मंगलवार को खंडवा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

**बुवाई का समय, खेतों तक पहुंचना हुआ मुश्किल-** कलेक्टर को दिए गए शिकायती आवेदन में किसानों ने बताया कि रेलवे विभाग ने गेज परिवर्तन के लिए उनकी निजी भूमियों का अधिग्रहण कर लिया है। सबसे बड़ी समस्या यह खड़ी हो गई है कि रेलवे ने किसानों की शेष निजी भूमि पर आने-जाने का एकमात्र आम रास्ता भी पूरी तरह से बंद कर दिया है। वर्तमान में बारिश का मौसम है और खेतों में फसल बुवाई का काम जोरों पर है। रास्ता बंद होने के कारण किसान अपने खेतों तक न तो बीज ले जा पा रहे हैं और न ही ट्रैक्टर व अन्य कृषि उपकरण। खेतों तक पहुंचने का इसके अलावा कोई अन्य विकल्प भी मौजूद नहीं है, जिससे किसानों का कृषि कार्य पूरी तरह ठप हो गया है।

**मुआवजे का भी है इंतजार-** किसानों का यह भी आरोप है कि उनकी जमीन लिए जाने के बाद आज दिनांक



तक उन्हें अधिग्रहण की मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है। एक तरफ मुआवजे का इंतजार और दूसरी तरफ खेती न कर पाने की मजबूरी ने किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा कर दिया है।

**इन किसानों ने की जल्द निराकरण की मांग-** ज्ञापन सौंपने वाले ग्राम लाडनपुर के किसानों में मुख्य रूप से शैलेश, सुभाष, जितेन्द्र, सतीश, धन्नालाल, भारत, दुर्गाबाई, कृष्णा, नारायण और वासुदेव शामिल हैं। इन सभी ने कलेक्टर से निवेदन किया है कि बुवाई के अति-आवश्यक समय को देखते हुए तुरंत खेतों का रास्ता खुलवाया जाए और उनकी समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए।